# क्राइम पेट्रोल

वर्ष: 16 अंक: 188 देहरादून सोमवार 06 जून 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठ: 8 मूल्य: 1 रूपये

## उत्तराखंड और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया दुर्घटनाग्रस्त इलाके का दौरा

स्टाफ रिपोर्टर

देहरादून। उत्तरकाशी के डामटा में हुई बस दुर्घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। बस में सवार मध्यप्रदेश के 26 लोगों की हादसे में मौत हुई है। जबकि चार लोग घायल हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री धामी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डामटा पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त इलाके जायजा लिया। आपको बता दें कि रविवार देर शाम को मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों से भरी बस यमुनोत्री जाते वक्त डामटा में गहरी खाई में गिर गई थी। सड़क हादसे में 26 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई थी, जबकि चार तीर्थ यात्री घायल हो गए हैं।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बस दुर्घटना में मारे गए रामसजी एवं बांके बिहारी के रिश्तेदार कृष्ण बिहारी द्विवेदी से बातचीत की मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए रिश्तेदारों को ढांढस बंधाया। हैलीपैड से सीएम घटना स्थल के लिए रवाना हुए मुख्यमंत्री धामी ने उत्तरकाशी बस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। सीएम ने बस हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। घटना में मारे गए तीर्थ यात्रियों के परिजनों को सांत्वना देने के बाद सीएम धामी ने कहा कि बस के ड्राइवर ने बताया कि स्टेरिंग फेल होने की वजह से वह बस को कंट्रोल नहीं कर पाया था और बस गहरी खाई में गिर गई।



लेकिन, फिर भी सरकार ने बस दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। बताया कि मृतकों के पार्थिक शरीर को उनके घरों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार पूरा प्रयास कर रही है। पंजीकरण के बिना किसी भी तीर्थ यात्री को यात्रा पर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान सोमवार सुबह उत्तराखंड पहुंचे। देहरादून से चौहान, सीएम धामी के साथ उत्तरकाशी जिले के डामटा में जाकर दुर्घटनाग्रस्त इलाके जायजा लिया। आपको बता दें कि रविवार देरशाम को मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों से भरी बस यमुनोत्री जाते वक्त डामटा में गहरी खाई में गिर गई थी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा की एमपी सरकार सम्मान के साथ सभी लोगों का अंतिम संस्कार करेगी। कोशिश रहेगी कि आज ही सभी का अंतिम संस्कार हो। सभी शव देहरादून भेजे गए हैं, विमान से सभी का शव एमपी के खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचाया जाएगा, जहां गाड़ी से शवों को उनके पैतृक गांव भेजेंगे।

## महंगाई के खिलाफ गरजे सीटू कार्यकर्ता



नगर संवाददाता

देहरादून। सीटू कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवालिया निशान लगाते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। अपने ज्ञापन में सीटू का कहना कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश में खाद्य पदार्थो जैसे आटा, दाल, चावल, तेल सहित अधिकांश चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। घरेलू रसोई गैस की कीमत एक हजार रूपए पार कर चुकी है। पेट्रोल और डीजल के दाम सौ पार हैं। इस कारण परिवहन सेवा पहले के मुकाबले महंगी होने के साथ ही निर्माण सामग्री के मूल्यों में भारी इजाफा हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कारपोरेटपरस्त नीतियां बड़े बड़े घरानों को भरपूर फायदा दे रही हैं।

## नकली दवा माफियाओं पर एसटीएफ की बड़ी कार्यवाही



अफजाल अहमद

देहरादून। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के कुछ जगहों पर उत्तराखंड एसटीएफ की टीम ने नकली दवा बनाने का जो भंडाफोड़ किया है, उसको लेकर आमजन समेत तमाम लोग एसटीएफ की कार्यशैली की प्रशंसा कर रहे हैं। उत्तराखंड एसटीएफ को अपने मुखबिरों से जो सूचनाएं मिली उसके बाद पिछले कुछ समय से एसटीएफ टीम इस गिरोह का भंडाफोड़ करने के लिए दिन रात एक किए हुए थी। गौरतलब है कि बीते रोज उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स ने उत्तराखंड व सहारनपुर उत्तरप्रदेश की अलग–अलग फैक्ट्री छापेमारी करते हुए बड़ी संख्या में नकली दवा बनाने वाली मशीनें नकली रैपर, कच्चा माल इत्यादि बरामद किए हैं। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक गिरोह उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर नकली दवा तैयार कर रहा है। जिस पर एसटीएफ के इंस्पेक्टर अब्दुल कलाम की टीम ने रविवार सुबह साढ़े पांच बजे भगवानपुर के रायपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित बंद पड़ी इनोवा ड्रग कंपनी में छापा मारा। छापेमारी के दौरान दो युवकों राशिद खान व नितिन प्रजापति को नकली दवाओं के साथ एक कार में 4 लाख की नकली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया गया। जिनके द्वारा पूछताछ में एसटीएफ को बताया गया कि वह यह कार्य पूर्व में बंद पड़ी 'इनोवा फैक्ट्री' के अंदर चोरी छिपकर फैक्ट्री मालिक विशाल व उसके पार्टनर पंकज कुमार द्वारा तैयार की गई नकली दवाओं को हेल्पर रोहतास के माध्यम से कोरियर के माध्यम से अलग अलग राज्यों में भेजते हैं। इसके अलावा पंकज द्वारा लक्सर में पीपलहिया गांव में अलग से फैक्ट्री लगाकर तैयार दवाओं की रेपरिंग कर बाजार में बेचते ही है। साथ ही नितिन द्वारा सहारनपुर के कैलाशपुर में बिना लाइसेंस के अलग से फैक्ट्री में मशीन लगाकर नकली दवाई बनाकर पूरे देश में बड़े पैमाने में नकली दवाओं की बिक्री करते हैं। एसटीएफ के अनुसार छापे में बरामद नामी कंपनियों की दवा की कीमत पंद्रह लाख से ज्यादा व कच्चे माल की कीमत करीब 1 करोड़ से ज्यादा है।

## छोटी-छोटी खबरें

### आप कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में दिया धरना

देहरादून। आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने राजपुर रोड स्थित गांधी पार्क के बाहर धरना देकर कश्मीर में लगातार कश्मीरी पंडितों और हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार से इस मामले में कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। उन्होंने आगे कहा कि जहां देश की सुरक्षा का सवाल होगा वहां आम आदमी पार्टी हमेशा केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। लेकिन अगर केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोडेगी तो हम केंद्र सरकार पर सवाल खड़ा करने का काम भी जरूर करेंगे। उन्होंने बताया कि कश्मीर में लगातार बढ़ रही आतंकवादी घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार को आतंकवाद का खात्मा करने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए और जिन कश्मीरी लोगों पर लगातार हमले हो रहे हैं उनको बचाने का भी सरकार को भरसक प्रयास करना चाहिए।

### सुरकंडा देवी मंदिर में भगवती जागरण व भंडारा 8 जून को

देहरादून। नमस्कार देवभूमि सेवा संघ दिल्ली की ओर से 8 जून को सिद्ध शक्तिपीठ सुरकंडा देवी मंदिर में मां भगवती जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भगवती जागरण में भक्त बड़ी संख्या में प्रतिभाग करेंगे। नमस्कार देवभूमि सेवा संघ दिल्ली की ओर से हर वर्ष सुरकंडा मंदिर में गंगा दशहरे के मौके पर मां भगवती जागरण व भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष मां भगवती जागरण 8 जून को होगा। मां भगवती जागरण में आसपास के क्षेत्र के लोगों के अलावा दिल्ली से भी काफी संख्या में भक्त पहुंचेंगे। भंडारा सायं 7 बजे होगा। ज्योति प्रज्वलित रात्रि 8 बजे होगी। 9 जून को प्रसाद वितरण होगा। महामाई का गुणगान मुकेश कठैत एंड पार्टी द्वारा किया जाएगा।

### गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

ऋषिकेश। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट पूर्णानंद घाट में महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती में महिलाओं द्वारा एवं स्वच्छ गंगा अभियान की महिलाओं ने पूर्णानंद घाट की साफ सफाई की कूड़ा एकत्रित किया और कूड़े को घाट से बाहर डस्टबिन में फिंकवाया। इस मौके पर डॉ ज्योति शर्मा ने घाट पर मौजूद स्नानार्थियों से गंगा को मैला न करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि गंगा नदी में कपड़े धोना, साबुन से नहाना या फिर नहाते समय खाना यह सब मान्यता के विपरीत है। ऐसा करने से हम गंगा मां को मैला ही नहीं करते बल्कि उनका अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि गंगा को स्वच्छ बनाएं।

## आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला-बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइव:**

प्रवीन भारद्वाज- 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

फैक्स : 0135-2740155

ई-मेल: crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live

# प्रत्येक जनपद में 75 आर्द्रभूमियों की पहचान कर उनका जीर्णोद्धार करेंगे डीएम

नगर संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय के निकट कैंट रोड पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में वन मंत्री सुबोध उनियाल एवं पर्यावरणविद्, पद्मभूषण प्राप्तकर्ता डॉ. अनिल प्रकाश जोशी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तक ''एनुअल वाटर क्वालिटी रिपोर्ट 2021'' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि चंपावत को वोकल फॉर लोकल आधारित आर्थिकी एवं पारिस्थितिकी के रूप में खड़ा किया जायेगा, ताकि हिमालय के लिए यह एक मॉडल बन सके। उन्होंने कहा कि सचिवालय एवं विधानसभा को प्लास्टिक मुक्त बनाया जायेगा। प्लास्टिक मुक्ति का अभियान निरन्तर चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी शहरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। देहरादून से इसकी शुरुआत की जाए, उसके बाद अन्य शहरों में स्वच्छता के अभियान चलाये जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक जनपद में 75 आर्द्रभूमियों की पहचान कर उनका जीर्णोद्धार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा, पर्यावरण पर्यटन की दिशा में भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी विशेष ध्यान रखें कि जनपदों के दुर्गम क्षेत्रों में मार्गों की कनेक्टिविटी अच्छी हो, कनेक्टिविटी की छोटी–छोटी योजनाओं को प्राथमिकता पर रखा जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति का वरदान है। हमारा प्रदेश जैव विविधताओं वाला प्रदेश है। पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें पर्यावरण मॉडल की दिशा में कार्य करना होगा। हमारी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध जल, हवा, मिट्टी एवं पर्यावरण मिले, इसके लिए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर सभी को विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि तापमान में वृद्धि एवं जल स्तर का नीचे जाना चिंता का विषय है। जल संचय एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में कार्य किये जाएं। जल संरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशभर में अमृत सरोवर की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ''केवल एक पृथ्वी'' है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी ने हमको सब कुछ दिया है। हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना होगा। जीडीपी के साथ जीईपी का आकलन करना जरूरी है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखण्ड पर्वतीय राज्य होने के कारण पर्यावरण संरक्षण के लिए सबको अपनी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए। जंगल हमें विरासत में मिला है। इनके संरक्षण के लिए हमें इनको लोगों की आजीविका से जोड़ना होगा। इकोलॉजी बेस एम्प्लॉयमेंट को जनरेट करना होगा। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण और उनके संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण के लिए हर विभाग को अलग–अलग क्षेत्र क्षेत्र देकर उनकी जिम्मेदारी तय करनी होगी। वन पचायतों को मजबूत करने के साथ ही उनको आजीविका से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकास सतत चलने वाली प्रक्रिया है। विकास एवं पर्यावरण में संतुलन बनाये रखना जरूरी है।

# सीएम धामी से केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने की भेंट



देहरादून, नगर संवाददाता। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान एवं प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने भेंट की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राज्य में संचालित विभिन्न केन्द्र पोषित योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में चर्चा की। उन्होंने राज्य से सम्बन्धित समसामयिक विषयों पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की।

# स्पीकर ऋतु खंडूड़ी ने अपने आवास परिसर में किया पौधारोपण



क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर देहरादून में यमुना कॉलोनी स्थित अपने आवास के परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि घर में होने वाले किसी भी शुभ पर्व पर हम पौधारोपण से उस कार्य की शुरुआत करें ताकि हमारे व्यवहार में पर्यावरण संरक्षण जुड़ सकें।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने स्वयंसेवी संस्थाओं, पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों सहित सभी प्रदेशवासियों से पौधे लगाने, उन्हें सुरक्षित रखने तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों के उपयोग को रोकने की दिशा में जनचेतना जाग्रत करने तथा सहयोग करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि धरती पर मानव, समाज और प्राणी जगत के स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण का होना बहुत जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए अपने–अपने कार्य क्षेत्र में हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता है। पर्यावरणविद्, डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य को इकोलॉजी और इकोनॉमी से जोड़कर आगे बढ़ाना चाहते हैं, यह एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बहुत जरूरी है। उत्तराखण्ड देवभूमि है और देवों का हमेशा प्रकृति से जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि तापमान वृद्धि से ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, चिंताजनक है। राज्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए निरन्तर प्रयोग होने चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक विनोद कुमार सिंघल, निदेशक पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड एस.के सुबुद्धि, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बच्चों के साथ मनाया भूमि पेडणेकर ने पर्यावरण दिवस का जश्न



नैनीताल, नगर संवाददाता। एक अभिनेत्री के तौर पर बेहद कम समय में लोगों के दिलों में जगह बनानेवाली अभिनेत्री भूमि पेडणेकर ने इस बार विश्व पर्यावरण दिवस का जश्न ज़रा अलग अंदाज़ में मनाया। राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण के संरक्षण व संवर्द्धन के लिए हमेशा अपनी आवाज़ बुलंद करनेवाली भूमि पेडणेकर ने पर्यावरण बचाने से संबंधित क्लाइमेट वॉरियर नामक अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक बनाने का निश्चय किया है। पिछले कुछ सालों से क्लाइमेट वॉरियर के ज़रिए वो लगातार पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन के लिए देशभर के लोगों को एकजुट करने में जुटी हुईं हैं। भूमि पेडणेकर इन दिनों अपने सह–अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ नैनीताल में अपनी आगामी फ़िल्म लेडी ऐंड द लेडी किलर की शूटिंग में व्यस्त हैं. मगर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर भूमि पेडणेकर और अर्जुन कपूर ने मिलकर एसओएस चिल्ड्रेन्स विलेज ऑफ़ इंडिया के बच्चों के साथ विशेष रूप से आयोजित पौधारोपण अभियान में हिस्सा लिया। प्रकृति से प्रेम करते हुए प्राकृतिक ढंग से जीवन जीने की वकालत करनेवाली भूमि पेडणेकर ने इस ख़ास मौके पर कहा कि मौजूदा समय में जलवायु परिवर्तन एक बहुत बड़ी वास्तविकता है जिसे कतई नकारा नहीं जा सकता है। हमारे उठाए जानेवाले हरेक क़दम का प्रकृति पर कोई ना कोई प्रभाव ज़रूर पड़ता है। प्रकृति के साथ तालमेल बना कर जीवन जीने की सीख बच्चों को बचपन से ही देनी चाहिए भूमि पेडणेकर ने पर्यावरण को लेकर अपनी चिंता ज़ाहिर करते हुए आगे कहा कि एक बार इस्तेमाल में आनेवाले प्लास्टिक का त्याग, सूखे और गीले कचरे में फ़र्क़ करना और जल संवर्द्धन करना आज की बहुत बड़ी आवश्यकताएं हैं और इनसे जुड़ा हर छोटा क़दम भी दीर्घकालीन लाभ के लिए बहुत ज़रूरी है। एक उम्दा अभिनेत्री के तौर पर अपनी पहचान कायम करनेवाली भूमि पेडणेकर कहती हैं, ष्हम सभी में सकारात्मक बदलाव लाने की अकूत क्षमता और शक्ति है। हमारे द्वारा उठाया जानेवाले हरेक क़दम इस धरती को बचाने में अहम भूमिका निभा सकता है। मुझे बेहद ख़ुशी है कि मैं इन बच्चों से सीधे तौर पर संवाद स्थापित कर पा रही हूं क्योंकि यही बच्चे तो हमारा और हमारे देश का भविष्य हैं। उल्लेखनीय है कि भूमि पेडणेकर ने इन बच्चों के साथ रंग–बिरंगे गमलों में पौधारोपण किया, जिनपर बच्चों ने अपने हाथों से चित्रकारी की थी. पौधों समेत इन गमलों को बच्चों के स्कूल में एक खुशनुमां याद की तरह संजोकर रखा जाएगा। इस ख़ास मौके पर भूमि पेडणेकर ने तमाम बच्चों से इन पौधों व गमलों को अपना समझकर इनका विशेष ख़याल रखने की अपील भी की। ग़ौरतलब है कि भूमि पेडणेकर ने विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के अंत में कहा कि इस धरती ही एकमात्र हमारा अपना घर है।

## चंपावत उपचुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत पर स्पीकर ने सीएम को दी बधाई



देहरादून, नगर संवाददाता। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर चंपावत उपचुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत प्राप्त करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री को पौधा भी भेंट किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष के बीच प्रदेश के विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा वार्ता हुई। इस अवसर पर 14 जून से होने वाले विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियों को लेकर भी बातचीत हुई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने अपनी विधानसभा क्षेत्र कोटद्वार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी वार्ता की।

## धुमाकोट में एक सप्ताह से पानी की आपूर्ति नहीं, धीरेंद्र प्रताप ने दी आंदोलन की चेतावनी

देहरादून, नगर संवाददाता। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की है कि वह लैंसडाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली धुमाकोट तहसील मुख्यालय में अधिकारियों की लापरवाही से पिछले 1 सप्ताह से पेयजल की आपूर्ति ना किए जाने के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें अन्यथा उनके पास सत्याग्रह करने के अलावा कोई चारा नहीं रह जाएगा धुमाकोट में पानी की भारी किल्लत की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान दिलाते हुए धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि एक और तो भीषण गर्मी पड़ रही है दूसरी और पेयजल के संकट की वजह से जा आम नागरिक परेशान है वहीं कई पशुओं की भी जान खतरे में पड़ गई है दिन प्रताप ने मुख्यमंत्री से कहा की एक और तो उनकी चंपावत जीत पर करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए जा रहे हैं जबकि धुमाकोट में लोग पीने के पानी की एक–एक बूंद के लिए तरस रहे हैं उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस मामले में तत्काल युद्ध स्तर पर कार्रवाई की मांग की है और कहा कि यदि तत्काल इस समस्या का हल नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर चले जाएंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# उदयपुर नव संकल्प को पार्टी के बूथ स्तर तक पहुंचाएगी कांग्रेस

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर राजस्थान में आयोजित 3 दिवसीय नव संकल्प शिविर के सफल आयोजन के उपरान्त देहरादून में 1 व 2 जून को दो दिवसीय नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पार्टी के वरिष्ठ नेतागणों ने प्रतिभाग किया। इसी परिपेक्ष्य में प्रदेश मुख्यालय कांग्रेस भवन, देहरादून में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, प्रदेश महामंत्री मथुरादत्त जोशी तथा प्रदेश प्रवक्ता एवं गढवाल मण्डल मीडिया प्रभारी गरिमा दसौनी ने बताया कि देहरादून में आयोजित दो दिवसीय नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशाला में उत्तराखंड में पार्टी संगठन पर हुई व्यापक चर्चा व उदयपुर नव संकल्प को पार्टी के बूथ स्तर तक पहुंचाने का निर्णय राज्य पार्टी नेतृत्व ने लिया। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 11 से 14 जून के मध्य राज्य के प्रत्येक जनपद में जिला स्तरीय नव संकल्प



क्रियान्वयन कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है।

पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशालाओं के सफल आयोजन हेतु जिला पर्यवेक्षक व मुख्य वक्ता नियुक्त किये गये हैं। उधमसिंहनगर में रणजीत सिंह रावत, पूर्व विधायक एवं ललित फर्स्वाण पूर्व विधायक, हरिद्वार में धीरेन्द्र प्रताप, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा प्रदेश उपाध्यक्ष, देहरादून में काजी निजामुद्दीन, राष्ट्रीय सचिव, रवि बहादुर, विधायक एवं विरेन्द्र विधायक, उत्तरकाशी में विक्रम सिंह नेगी विधायक एवं शांति प्रसाद भट्ट, टिहरी में विजयपाल सजवाण, पूर्व विधायक एवं डॉ0 प्रदीप जोशी अध्यक्ष विचार विभाग, चमोली में मनोज रावत, पूर्व विधायक, प्रदीप बगवाडी, पूर्व महामंत्री, एवं सरोजनी कैन्तूरा, प्रदेश उपाध्यक्ष, रूद्रप्रयाग में डॉ0 जीतराम, पूर्व विधायक एवं प्रदीप तिवारी प्रदेश महामंत्री, पौडी में मंत्री प्रसाद नैथानी पूर्व विधायक एवं नवीन जोशी प्रदेश महामंत्री, नैनीताल में आदेश चौहान, विधायक, हरीश कुमार सिंह एवं प्रेमानन्द महाजन पूर्व विधायक, अल्मोड़ा में संजीव आर्य, पूर्व विधायक एवं महेश शर्मा, प्रदेश महामंत्री, चम्पावत में भुवन कापडी, उपनेता प्रतिपक्ष एवं पुष्कर जैन प्रदेश महामंत्री, पिथौरागढ

> –11 से 14 जून के बीच जिला स्तरीय नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशालाएं आयोजित करेगी कांग्रेस, –जिलों में नव संकल्प क्रियान्वयन कार्यशालाओं के आयोजन को पार्टी ने नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी।

में खुशहाल सिंह अधिकारी विधायक एवं भगीरथ भट्ट प्रदेश उपाध्यक्ष तथा बागेश्वर में सुमित हृदयेश विधायक एवं हेमन्त बगडवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कांग्रेस नेताओं ने जानकारी दी कि जिला स्तरीय कार्यशाला में जिला/महानगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री व कार्यकारणी के पदाधिकारी, जिले के सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी2022, सभी ब्लॉक अध्यक्ष, सभी फ्रंटल संगठनों व विभागों के जिलाध्यक्ष, ब्लॉक व नगर अध्यक्ष एवं पांच पांच पदाधिकारी, जिले से आने वाले एआईसीसी व पीसीसी सदस्य भाग ले सकेंगे। जिला/महानगर अध्यक्ष इन कार्यक्रमों के संयोजक होंगे तथा वे अपने जनपद के किसी भी ऐसे नेता या कार्यकर्ता को जो कार्यशाला की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो आमंत्रित कर सकेंगे। कांग्रेस नेताओं ने यह भी बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस पार्टी द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक ''भारत जोडो'' कार्यक्रम के तहत राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में गोष्ठियां, सम्मेलन एवं तिरंगा यात्राओं के साथ–साथ स्वतंत्रता संग्राम से जुडे सेनानियों एवं उनके परिजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। पत्रकार वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यक्रम संयोजक सूर्यकान्त धस्माना, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, प्रदेश महामंत्री मथुरादत्त जोशी एवं गढ़वाल मण्डल मीडिया प्रभारी गरिमा दसौनी उपस्थित रहे।

# पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष बड़ी संख्या में यात्री व श्रद्धालू पहुंच रहे चारधाम

नगर संवाददाता

देहरादून। अन्य सालों के मुकाबले इस साल भारी संख्या में यात्री एवं श्रद्धालु चार धाम यात्रा पर आ रहे हैं। 1 माह में यात्रियों की संख्या 16 लाख तक पहुंच चुकी है। 4 जून तक चारधाम यात्रा पर आये यात्रियों की संख्या लगभग 1611598 थी। पुलिस द्वारा यात्रा के दौरान बिछड़े 920 यात्रियों को उनके साथ आये श्रद्धालुओं से मिलाया गया, यात्रा के दौरान 300 यात्रियों को रेस्क्यू कर उनका जीवन बचाया गया। 130 यात्रियों के गुम हुये सामान को वापस कराया गया। राज्य में पहली बार यात्रा मार्गों पर हेल्थ स्क्रीनिंग की व्यवस्थाएं की गई हैं। अभी तक 87 यात्रियों को स्क्रीनिंग उपरान्त वापस लौटाया गया है। 381 रोगियों को एंबुलेंस सेवा प्रदान की गई है तथा 5000 से अधिक यात्रियों को आपातकालीन सेवाएं भी प्रदान की गयी है। रविवार को देहरादून स्थित सचिवालय, मीडिया सेंटर में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर, स्वास्थ्य सचिव राधिका झा, प्रो. हेम चंद्र पांडे (कुलपति, एच.एन.बी चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय), महानिदेशक सूचना रणबीर सिंह चौहान द्वारा चार धाम से संबंधित जानकारियों को अवगत करवाने हेतु संयुक्त रूप से प्रेस



कॉन्फ्रेंस की गई। इस दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चार धाम यात्रा को राज्य के विकास हेतु अति महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यात्रियों को स्वास्थ्य सुरक्षा पेयजल ठहरने जैसी तमाम सुविधाएं मिले इसके लिए सभी विभाग आपस में समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया उत्तराखण्ड सरकार के सभी विभाग यथा पर्यटन (नोडल विभाग), धर्मस्व, चिकित्सा, परिवहन, नागरिक उड्डयन एवं जिला प्रशासन आदि द्वारा यात्रा को सुचारू एवं सुरक्षित बनाने हेतु सभी प्रकार की व्यवस्थाएँ की गयी हैं। डीजीपी अशोक कुमार ने बताया की 4 जून तक चारधाम यात्रा में आये यात्रियों की संख्या लगभग 1611598 है। उन्होंने बताया 4 जून तक चारधाम यात्रा में आये वाहनों की संख्या–154983 रही। उन्होंने बताया पुलिस द्वारा यात्रा के दौरान बिछडे 920 यात्रियों को उनके साथ आये श्रद्धालुओं से मिलाया गया, यात्रा के दौरान 300 यात्रियों को रेस्क्यू कर उनका जीवन बचाया गया, 80 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया एवं 54 घायलों की मदद की गयी, 130 यात्रियों के गुम हुये सामान को वापस कराया। उन्होंने बताया चारधाम यात्रा में लगभग 4500 पुलिस बल, 06 कम्पनी, एसडीआरएफ 25 सब टीम, एलआईयू 70, होमगार्ड 700, पीआरडी 600, एनडीआरएफ 02 टीम नियुक्त किया गया है। यात्रा सीजन हेतु अतिरिक्त 47 पोस्ट/चौकियां स्थापित की गयी हैं। यात्रा मार्गो पर 57 टूरिस्ट पुलिस केन्द्र स्थापित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान तक हैली ऑनलाइन बुकिंग फर्जीवाडा एवं फर्जी रजिस्ट्रेशन के सम्बंध में 16 अभियोग पंजीकृत कर 20 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। चारधाम यात्रा एवं विभिन्न धार्मिक/पर्यटक स्थलों पर मिशन मर्यादा अभियान के दौरान लगभग 20000 लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया बढते यातायात के दृष्टिगत कई स्थानों पर वन–वे ट्रैफिक प्लान बनाया गया है। रुद्रप्रयाग जनपद में यात्रियों की सुविधा हेतु 04 सुपर जोन, 10 जोन एवं 26 सेक्टर में विभाजित कर श्री केदारनाथ में एक पुलिस उपाधीक्षक एवं एक अपर पुलिस अधीक्षक को गौरीकुण्ड में नियुक्त कर सुदृढ पुलिस प्रबंध किये गये हैं। साथ ही धामों में श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु पर्याप्त संख्या में बैरिकेडिंग, रस्से व्यवस्थाओं के साथ साथ पंक्तिबद्ध दर्शन कराये जा रहे हैं। राज्य के धामों में वीआईपी गेट की पूर्व प्रचलित व्यवस्था को समाप्त किया गया है।

स्वास्थ्य सचिव राधिका झा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चार धाम हेतु की गई तैयारियां के बारे में अवगत करवाया। कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा सुरक्षित यात्रा के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है जो 2019 की तुलना में कहीं अधिक है और अनेक नये प्रयास भी किए गए हैं। चिकित्सा कर्मियों की तैनाती में बढ़ोतरी करते हुए 178 चिकित्साधिकारी तैनात किये गए हैं, जो वर्ष 2019 की तुलना में 66 प्रतिशत अधिक है। फर्स्ट मेडिकल रिस्पांडर एवं मेडिकल रिलीफ पोस्ट की संख्या में भी वृद्धि की गई है। एंबुलेंस की संख्या में भी गत वर्षों की तुलना में 33 प्रतिशत वृद्धि करते हुए यात्रा मार्ग पर 119 एम्बुलेंस तैनात की गई है। यात्रियों को त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए पहली बार हेली एम्बूलेंस सेवाएं दी जा रही है, इसके अतिरिक्त सभी चिकित्सा इकाइयों पर ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति रखी गयी है। 2019 की तुलना में 108 एम्बूलेंस द्वारा दी गयी सेवाओं में 173 प्रतिशत की बढ़ोतरी भी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया हृदय रोगियों के समुचित उपचार हेतु पहली बार विशेषज्ञ चिकित्सकों को प्रशिक्षण देकर यात्रा मार्ग पर स्थित प्रमुख चिकित्सालयों में तैनात किया गया है।

# जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाओं का सामना कर रही पृथ्वी

नगर संवाददाता

देहरादून। एफआरआई में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी वर्तमान में जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाओं का सामना कर रही है, जिसका यदि समाधान नहीं किया गया तो इसके अस्तित्व को खतरा हो सकता है। ग्लोबल वार्मिंग की घटना को चरम मौसम की घटनाओं से जोड़ा गया है जो असामयिक और अत्यधिक बारिश, सूखे और चक्रवात आदि के माध्यम से पृथ्वी के विभिन्न हिस्सों को तबाह कर रही हैं। बड़े पैमाने पर शहरीकरण से निवास स्थान का नुकसान हो रहा है जो बदले में कई प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। भूमि, जल और वायु का प्रदूषण आवास को निर्जन बना रहा है और यदि इसे रोका नहीं गया तो मानव प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा होगा। पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का आयोजन एफआरआई के दीक्षांत



समारोह हॉल में किया गया। ऋचा मिश्रा, आईएफएस और हेड एक्सटेंशन डिवीजन, एफआरआई ने इस अवसर पर डॉ रेणु सिंह, आईएफएस, निदेशक, एफआरआई और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। दो विशिष्ट अतिथियों मोहिनी रावत, एक प्रकृति प्रेमी और श्रुति शर्मा, आईएफएस एवं एचओएफएफ (सेवानिवृत्त), राजस्थान का विशेष स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण दिया और डॉ. रेणु सिंह, आईएफएस, निदेशक एफआरआई को उद्घाटन भाषण के लिए आमंत्रित किया। डॉ. रेणु सिंह ने सभा को संबोधित किया और आज पृथ्वी के सामने आने वाले मुद्दों और समस्याओं के बारे में विस्तार से बात की और बताया कि कैसे हम पृथ्वी को रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाने में व्यक्तिगत रूप से योगदान दे सकते हैं। उन्होंने ग्रह की रक्षा करने और उसे पुनर्स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक, परिवर्तनकारी कार्रवाई का आह्वान किया। उन्होंने संस्थान द्वारा खराब हुए क्षेत्रों के पर्यावरण की बहाली के लिए परियोजनाएं शुरू करने और गंगा और 13 अन्य प्रमुख नदियों के कायाकल्प के लिए डीपीआर तैयार करने के बारे में भी बताया। तत्पश्चात पर्यावरण पर भाषण प्रतियोगिता व कविता पाठ किया गया। इन गतिविधियों का संचालन हिन्दी अधिकारी शंकर शर्मा ने किया।मोहिनी रावत और श्रुति शर्मा द्वारा दो गतिविधियों का निर्णय किया गया। कार्यक्रम में एफआरआई के कर्मचारियों, एफआरआई डीयू के छात्र और पीएचडी विद्वानों ने भाग लिया। इसके बाद केन्द्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालय के छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। उन विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस–2022 पर आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कार जीते थे। समारोह के दौरान कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# आठ साल में मोदी सरकार ने नई संस्कृति को जन्म देकर न्याय का फर्ज निभायाः जितेन्द्र सिंह

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेन्द्र सिंह ने रविवार को कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आठ सालों में देश हीं नहीं विदेशों में भारत का गौरव बढ़ा है। इन आठ साल में मोदी सरकार ने युग परिवर्तन के साथ नई संस्कृति को जन्म देकर न्याय का फर्ज निभाया। यही कारण है कि आज नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। रविवार को बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेन्द्र सिंह ने मोदी सरकार के आठ साल बेमिशाल पर पर यह बातें कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सरकार संभालते ही प्राथमिकता के साथ कहा था कि मेरी सरकार गरीब की सरकार है। सरकार का यह भाव केन्द्रीय योजनाओं में सीधे तौर देखा जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इन आठ सालों में विरोधी सरकार को कोसते रहे लेकिन उनके परिवार मोदी सरकार की योजनाओं के फैन बने हुए है। नरेन्द्र मोदी सरकार युग परिवर्तन के साथ नई संस्कृति को जन्म दिया। सरकार ने भेदभाव नहीं बल्कि हर तबकों के उत्थान के लिए विकास का न्याय फर्ज निभाया। सरकार के विकास के साहस का ही परिणाम है कि अब विदेशों में रह रहे लोग अपने को भारत वंशी कहने में गर्व महसूस कर रहे हैं। मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पार्टी की ओर से केन्द्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए सेवा सुशासन,गरीब कल्याण को लेकर कार्यक्रम, प्रदेश, जिला मंडल और ग्राम स्तर तक चलाया जा रहा है। इस नेक कार्य में भाजपा कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से जुड़कर सरकार की योजनाओं को पात्र लाध्भार्थियों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का भाव आखिरी कतार में खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी भाव के साथ सरकार ने



निराशावाद के माहौल में आशावाद की अलख जगाने के काम किया है। साल 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद विकास की उम्मीद जगी है। उस उम्मीद पर प्रधानमंत्री ने पूरी तरह खरा उतरने का काम किया। आमतौर पर लंबे समय जब कोई सरकार में रहता है तो उन नेत की लोकप्रियता घटती है लेकिन मोदी सरकार की लोकप्रियता बढ़ी है। आज प्रधानमंत्री विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता के तौर पर जाने जा रहे हैं। यह भारत नहीं विश्व की एजेंसियों का मानना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने विकास के संकल्प के साथ अनेकों योजनाओं को लाया। यह योजना सीधेकृसीधे आम जन के लिए मददगार साबित हुई है। पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना सहित अन्य योजनाएं संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वोतर में विकास की कभी सुनने को नहीं मिलता। पहले की सरकार में केवल घटना की बात खबरों में सुनने को मिलता था। आज रेल,हवाई सहित अन्य विकास कार्य देखने सुनने को मिल रहा है। यह देश के प्रसन्नता का विषय है। प्रधानमंत्री युवाओं को नौजवानों को रोजगार को लेकर स्टार्टअप मुहिम को प्रांरभ किया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमालय की गोद में बसा है। यहां अपार संभावनाएं है। एरोमा प्लांटस सहित अन्य एग्रो प्लान पर सरकार काम कर रही है। जिससे यहां के लोगों को लाभ मिलेगा। यह प्रदेश जड़ी बुटी प्रकृति के उपहार से भरा हुआ है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार प्रदेश महामंत्री अनिल गोयल प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान उपस्थित थे।

# सीएम ने वन एवं पर्यावरण के संबंध में जिलाधिकारयों के साथ समीक्षा बैठक की

रूद्रपुर, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी व वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के जिलाधिकारियों के साथ वन एवं पर्यावरण से सम्बन्धी समीक्षा बैठक की। उन्होंने पर्यावरणविद स्व0 सुंदर लाल बहुगुणा को याद कर नमन करते हुए कहा कि उनको पूरा देश ही नही बल्कि पूरा विश्व उनके पर्यावरण प्रेम को लेकर उन्हें हमेशा याद करेगा। उन्होंने अपना पूरा जीवन पर्यावरण को समर्पित किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा की प्रति वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य कारण है व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति सचेत करना है। हम सभी का पर्यावरण के बीच बहुत गहरा संबंध है। प्रकृति के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। हमें प्रकृति के साथ तालमेल बनाना ही होगा। विश्व में लगातार वातावरण दूषित होते जा रहा है, जिसका गहरा प्रभाव हमारे जीवन में भी पड़ रहा है। उन्होने कहा कि प्रकृति से हमें जो ऑक्सीजन मिलती है, वह हरित आवरण को बढ़ाने और हमें शुद्ध वातावरण में सांस लेने से लेकर जलवायु को प्रदूषित होने से बचाती है। यह एक ऐसी ईश्वर की दी हुयी संजीवनी है जिसके बारे में हमे मिल कर ठोस कदम उठाना होगा। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री उनियाल ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली से तात्पर्य वृक्ष उगाना, शहर को हरा भरा करना, बगीचों को फिर से बनाना और नदियों व तटों की सफाई करना है। जिसके फलस्वरूप हमारी धरती कार्बन डाईऑक्साइड को अलग करके ऑक्सीजन देने में सफल हो पाएगी।

## संपादकीय.............

### 1 माह में 16 लाख श्रद्धालु पहुंचे चारधाम

पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि वर्ष 2019 में रिकॉर्ड 34 लाख यात्री उत्तराखंड की चार धाम यात्रा पर आए थे, परंतु वर्ष 2022 में मात्र 1 माह में यह संख्या 16 लाख तक पहुंच चुकी है जो कि चार धाम यात्रा की व्यापक लोकप्रियता और उत्तराखंड के प्रति देशभर में लोगों के बढ़ते आकर्षण का प्रतीक है। केदारनाथ धाम में भी वर्ष 2019 में रिकॉर्ड 10 लाख लोग दर्शन के लिए पहुंचे थे जबकि वर्ष 2022 में मात्र 1 माह की अवधि के भीतर 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा केदारनाथ धाम के दर्शन किए गए हैं। उन्होंने कहा पर्यटन विभाग द्वारा पहली बार यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है ताकि किसी दिन विशेष पर धामों की धारण क्षमता के अनुरूप लोग वहां पहुंच सके और यात्रा प्रबंधन को बेहतर किया जा सके। पर्यटन सचिव ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग द्वारा पहली बार एक टोल फ्री कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें एक समय पर 6 लोगों को एक साथ यात्रा के संबंध में विविध जानकारियां दी जाती हैं और किसी प्रकार की समस्या की स्थिति में उसे संबंधित विभाग को सौंप दिया जाता है। कॉल सेंटर में अब तक लगभग 12500 से अधिक कॉल रिसीव हो चुके हैं इस प्रकार प्रतिदिन लगभग 400 लोगों द्वारा कॉल सेंटर पर कॉल करके चार धाम यात्रा के संबंध में विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्राप्त की जा रही हैं। उन्होंने कहा ऋषिकेश तथा हरिद्वार में बिना रजिस्ट्रेशन के ही यात्रा के लिए आ चुके लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए एसडीआरएफ तथा पर्यटन विभाग द्वारा फिजिकल रजिस्ट्रेशन केंद्रों के माध्यम से इन यात्रियों का पंजीकरण किया जा रहा है।यात्रा में तैनात चिकित्सकों को एम्स ऋषिकेश के माध्यम से हाई एल्टीट्यूड सिकनेस के उपचार हेतु प्रशिक्षण भी पहली बार दिया गया है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि राज्य में पहली बार यात्रा मार्गों पर हेल्थ स्क्रीनिंग की व्यवस्थाएं की गई हैं जिसमें 9 प्रमुख स्थानों क्रमश – बद्रीनाथ के लिए गौचर एवं पाण्डुकेश्वर, केदारनाथ के लिए सोनप्रयाग, जवारी बॉयपास एवं कुण्डपुल तथा यमुनोत्री के लिए दोबाटा, जानकी चट्टी एवं गंगोत्री के लिए हिना एवं गंगोत्री में हेल्थ स्क्रीनिंग की जा रही है।

## पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

देहरादून, नगर संवाददाता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। करन महारा ने कहा कि विश्व के पर्यावरण की रक्षा में उत्तराखण्ड का महत्वपूर्ण योगदान है यहां की अनेक महान विभूमियों ने पर्यावरण की रक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई है, उन्होंने कडे संघर्ष के उपरान्त यहां के पर्यावरण की रक्षा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि चिपको आन्दोलन के अग्रणी नेता स्वनामधन्य स्व0 सुन्दरलाल बहुगुणा, चण्डी प्रसाद भट्ट, गौरा देवी, डॉ0 अनिल प्रकाश जोशी आदि महान पर्यावरण विदों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए समाज को नई दिशा देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मध्य हिमालय का भारत की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है उसी प्रकार उत्तराखण्ड की गोद से अवतरित मां गंगा ने पर्यावरण की रक्षा के साथ–साथ करोड़ों लोगों को जीवन देने का काम कर रही है। करन माहरा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा में उत्तराखण्ड के महत्व को देखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को हिमालयी क्षेत्र की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने सभी हिमालयी राज्यों का आह्वान किया कि हिमालयी क्षेत्र के विकास के लिए लिए अलग नीति बनायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हिमालयी क्षेत्र के लिए अलग नीति नहीं बनाई जाती, वहां के युवाओं, महिलाओं के हितों की रक्षा समय पर नहीं हो पाई तथा हिमालय की रक्षा नहीं हो पाई तो पूरे विश्व को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। आज समय की मांग है कि हम सबको मिलकर पर्यावरण की रक्षा के साथ–साथ हिमालय की रक्षा के लिए नये सिरे से सोचना होगा।

# विकास कार्यों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण सर्वोपरी रखकर पर्यावरण संरक्षण संभवः डॉ. डोभाल



नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तरांचल प्रेस क्लब ने रविवार को आंचलिक विज्ञान केंद्र के साथ मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रेस क्लब क्लब सदस्य परिवारों, पत्रकारों और उनके बच्चों के लिए 'नॉलेज टूर' आयोजित किया गया। करीब 120 सदस्यीय इस दल को आंचलिक विज्ञान केंद्र (विज्ञान धाम–झाझरा) में संचालित वैज्ञानिक गतिविधियों के जरिए पृथ्वी, प्रकृति, हिमालय और ब्रह्मांड की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यूकॉस्ट के वैज्ञानिकों ने मौजूदा परिवेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी उपायों और उसमें प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका भी विस्तार से रेखांकित की। आंचलिक विज्ञान केंद्र के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड स्टेट कौंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नालॉजी (यूकॉस्ट) के महानिदेशक डॉ. राजेंद्र डोभाल ने कहा कि इस वर्ष का स्लोगन 'ओनली वन अर्थ' इस बात का संदेश देता है कि पृथ्वी एक ही है और इसको रहने लायक बनाए रखना हमारे लिए प्राथमिक ही नहीं, आवश्यकता भी होनी चाहिए। इसका पर्यावरण संरक्षित रखना और उसके अनुरूप अपनी दिनचर्या को ढालना ही भावी पीढ़ी के लिए हमारा उत्तरदायित्व है। डॉ. डोभाल ने उन्होंने विकास कार्यों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सर्वोपरी रखने पर जोर देते हुए कहा कि कार्बन को फिक्स कर पाने की दर उम्रदराज हो चुके पेड़ों में बेहद कम होती है। ऐसे में विकास कार्यों के लिए अपनी आयु पूर्ण कर चुके पेड़ों को वैज्ञानिक विधि से हटाए जाने में कोई हर्ज नहीं है। लेकिन, यह भी जरूरी है कि उनके स्थान पर नए पौधों का रोपण किया जाए। इससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने ग्लेशियरों के पिघलने और तापमान में वृद्धि के संबंध में भी विस्तार से बात रखी। महानिदेशक डोभाल ने बताया कि यूकॉस्ट साइंस सिटी जल्द ही विस्तार लेगी और यह राज्य का अपनी तरह का अलग टूरिस्ट डेस्टीनेशन बनेगा। उत्तराखंड ऐसा छठा राज्य है, जहां इस तरह का आंचलिक विज्ञान केंद्र है। इसके साथ ही राज्य में अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, टिहरी समेत छह पर्वतीय जिलों में भी विज्ञान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जो नई पीढ़ी के विज्ञान संबंधी जिज्ञासाओं को पूरा करने के साथ ही क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यूकॉस्ट की ओर से कार्यक्रम संयोजक व संयुक्त निदेशक डॉ. डीपी उनियाल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देने के साथ ही बच्चों से संवाद किया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कैलाश नारायण भारद्वाज ने ग्लोबल वार्मिंग के कारण, प्रभाव व निवारण के साथ ही उर्जा के वैकल्पिक श्रोतों के बारे में बच्चों से सवाल–जवाब किए और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। क्लब अध्यक्ष जितेंद्र अंथवाल और महामंत्री ओपी बेंजवाल ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन क्लब की ओर से नॉलेज टूर के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार राजीव उनियाल ने किया। यूकॉस्ट अधिकारी डॉ. आशुतोष मिश्रा, जितेंद्र कुमार व अमित पोखरियाल भी इस दौरान मौजूद रहे। इससे पूर्व पत्रकार अनुपम सकलानी के किशोर पुत्र अभिशौर्य सकलानी ने डॉ. डोभाल का स्केच तैयार कर उन्हें भेंट किया। वरिष्ठ पत्रकार नवीन थलेड़ी, देवेंद्र सती, मनमोहन शर्मा, संजय झा, दिनेश कुकरेती, नवीन कुमार, महेश पांडे, राजकिशोर तिवारी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें क्लब की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किए। इस आयोजन हेतु परिवहन व्यवस्था में यूकॉस्ट के साथ ही सरदार भगवान सिंह यूनिवर्सिटी (बालावाला) के चेयरमैन एसपी सिंह का भी सहयोग रहा।

## हेमपुर इस्माइल रेलवे स्टेशन पर वृक्षारोपण किया गया

नैनीताल, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। पर्यावरण दिवस के अवसर पर वसुधैव समिति द्वारा आईटीआई थाना परिसर और हेमपुर इस्माइल रेलवे स्टेशन पर वृक्षारोपण किया गया। नीम, बरगद, जामुन आदि छायादार वृक्षों को सभी आगंतुकों द्वारा लगाया गया और वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर सुरभि बौड़ाई, अन्य पुलिस स्टाफ, समिति के अध्यक्ष डा प्रशांत सिंह, कोषाध्यक्ष हेमेंद्र गंगवार, कृषक उत्पादक संघ के अध्यक्ष बलकार सिंह, अनमोल फाउंडेशन से सचिव सतीश चौहान, सहायक प्राध्यापक डॉ आदर्श चौधरी, अगर पाल यादव, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी पूर्व प्रधानाचार्य आर एस यादव, संजय शर्मा जी, राजीव चौहान, संदीप यादव, पीयूष कुमार, हेमपुर इस्माइल के स्टेशन मास्टर एस एम अग्रवाल, विनोद सिंह आदि उपस्थित रहे।



# फिक्की फ्लो ने चेशायर होम्स में किया कार्यशाला का आयोजन

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर फिक्की फ्लो उत्तराखंड चौप्टर ने चेशायर होम्स के दिव्यांग निवासियों के लिए बीज बम कैसे बनाएं पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह गतिविधि प्रकृति के संरक्षण में दिव्यांग लोगों को शामिल करने के लिए आयोजित की गई थी। उत्तराखंड में 38,000 वर्ग किमी से अधिक का वन क्षेत्र है जो इसके कुल भौगोलिक क्षेत्र का 71 प्रतिशत है। यह भारत के उन कुछ राज्यों में से एक है जहां लोगों का एक बड़ा वर्ग प्रकृति के काफी करीब रहता है। इस कार्यशाला में फिक्की फ्लो उत्तराखंड चौप्टर और चेशायर होम्स में रहने वाले दिव्यांग लोगों ने भाग लिया। आज की वर्कशॉप में बने सीड बम मानसून के मौसम में आस पास के जंगलों में फेंके जाएंगे।



इस गतिविधि का उद्देश्य विशेष रूप से दिव्यांगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रकृति के संरक्षण में के बारे में जागरूक करना था। डॉ. नेहा शर्मा, फिक्की फ्लो उत्तराखंड चौप्टर की अध्यक्ष ने बताया यह कार्यशाला हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति को संरक्षित करने का हमारा छोटा सा प्रयास है। यह विशेष रूप से दिव्यांगों लोगों को शपर्यावरण बचाओश जागरूकता अभियान का हिस्सा बनाने काप्रयास भी है। हम चेशायर होम्स के निवासियों से मिली प्रतिक्रिया से उत्साहित हैं। हम कार्यशाला को सफल बनाने के लिए प्रतिभागियों को धन्यवाद देना चाहते हैं। मनीत सूरी फिक्की फ़्लो उत्तराखंड चौप्टर के कार्यकारी समिति सदस्य और आज की कार्यशाला के लिए डे चेयर रही ने इस अवसर पर कहा दिव्यांग व्यक्ति को हमें कमतर नहीं आंकना चाहिए वह भी सामान्यः व्यक्ति से अधिक सक्षम हो सकता है । कार्यशाला का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों इस प्रकार की सामाजिक जागरूकता वाली गतिविधियों में शामिल करना चाहिए ताकि वे सभी के बराबर महसूस कर सकें और समाज को आगे बढ़ने में अपना योगदान दे सके। इस अवसर पर डॉ नेहा शर्मा, अध्यक्ष; मनीत सूरी, कार्यकारी समिति के सदस्य और डे चेयर; मानसी रस्तोगी, संयुक्त सचिव; हरप्रीत कौर, संयुक्त कोषाध्यक्ष; फिक्की फ्लो उत्तराखंड चौप्टर तथा हरप्रिया चहल, दीपा चहल, गौरी सूरी, डॉ स्वाति आनंद फ्लो के सदस्य उपस्थित रहे।

## बच्चों के संस्कार में डालना होगा पर्यावरण संरक्षणः स्पीकर

नगर संवाददाता

देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस एवं स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा की स्मृति में भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून के तत्वावधान में लोकल एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर देश के प्रमुख समाजसेवी अन्ना हजारे, मेधा पाठकर सहित कई अन्य समाजसेवी, वैज्ञानिक, शोधकर्ता वर्चुअल माध्यम से इस कार्यक्रम के साथ जुड़े। देहरादून में कौलागढ़ स्थित आईआईएसडब्ल्यूएसी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने ,लोकल एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज विषय पर अपने वक्तव्य रखें। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम सुंदरलाल बहुगुणा स्मृति मंच एवं आईआईएसडब्ल्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गयाद्य इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर




डॉ एम मधु ने संस्थान द्वारा मृदा एवं जल संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों से अवगत करायाद्य वही सुंदरलाल बहुगुणा स्मृति मंच के अध्यक्ष प्रदीप बहुगुणा ने अपने पिता से जुड़े संस्मरणों को साझा किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु मनाया जाता हैद्य पर्यावरण की गिरावट के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बेहतर भविष्य बनाने में सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में और आने वाले वर्षों में पर्यावरणीय स्थिरता और सतत विकास के दोनों मुद्दे केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के लिए मुख्य रहेंगेद्य उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार और समाज दोनों को समन्वित कदम उठाने की आवश्यकता हैद्य इस अवसर पर आयुर्वेदिक संस्थान के कुलपति सुनील जोशी, वीके बहुगुणा, डीवी सिंह, विवेक खंडूड़ी, डॉ रमा पाल, रिधिमा बहुगुणा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जलवायु परिवर्तन से मुकाबले के लिए जागरूकता अभियान चलाया

देहरादून, नगर संवाददाता। टाटा टी ने रुजागो रे, का अपना नवीनतम संस्करण लॉन्च किया। इसका उद्देश्य एक ऐसी समस्या को लेकर पर जागरूकता फैलाना है जो हमारे समय का सबसे स्पष्ट संकट है जलवायु परिवर्तन। पिछले कुछ दशकों में, जलवायु परिवर्तन के निहितार्थ अपूर्व रहे हैं। 2021 की सेव द चिल्ड्रन की एक रिपोर्ट के अनुसार, यदि पृथ्वी की गर्मी वर्तमान दर से बढ़ती रही, तो पिछले दशक और उसके बाद पैदा हुए बच्चों को पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक तपती लू, बाढ़, सूखा और जंगल की आग का सामना करना पड़ेगा। यूनिसेफ की इसी तरह की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यंत उच्च जोखिम के रूप में वर्गीकृत देशों में लगभग 1 अरब बच्चे रहते हैं। अगर हम अपने बच्चों के भविष्य की रक्षा करना चाहते हैं तो इससे हमारे लिए जलवायु परिवर्तन से लड़ना महत्वपूर्ण हो जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, टाटा टी की रुजागो रे, पहल ब्रांड और प्लेटफॉर्म के जरिए उठाई गई प्रमुख समस्याओं से निपटने, समाज के भीतर वास्तविक परिवर्तनों को प्रेरित करने और उन्हें सुगम बनाने के लिए सामाजिक जागृति का एक स्पष्ट आह्वान बन गई है। वर्तमान संस्करण के साथ, टाटा टी रुजागो रे, का उद्देश्य यह बताना है कि जलवायु परिवर्तन एक सामान्य नागरिक को कैसे प्रभावित करता है और यह हमारी भावी पीढ़ियों को कैसे प्रभावित करेगा। इसे व्यक्तिगत और सरोकारी बनाकर इसके जरिए लोगों को छोटे व्यवहार परिवर्तन करने और एक साथ सरल कार्रवाई योग्य कदम उठाने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद है, जो हमें जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद कर सकता है और इसलिए इस ग्रह को हमारे बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर बना सकता है।

## सभी छात्रों को निशुल्क पुस्तकें मिलने के बाद ही मिलेगा वेतन, बंशीधर तिवारी

देहरादून, नगर संवाददाता। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी की ओर से गूगल मीट के माध्यम से जनपदों के साथ निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकों के वितरण की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गयी। इस मौके पर प्रमुख बिन्दुओं पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। प्रारम्भिक स्तर पर कक्षा 1 से 8 तक की लगभग शत प्रतिशत किताबें वितरित की जा चुकी हैं, लेकिन कुछ जनपदों में छात्र संख्या वृद्धि के कारण निःशुल्क पाठ्य पुस्तको की अतिरिक्त मांग की जा रही है। इस क्रम में जनपदों को निर्देश दिये गये है कि सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से समीक्षा कर जिस जनपद में अतिरिक्त पाठय पुस्तक शेष है वे मण्डल स्तर से अवशेष पाठय पुस्तकों का समायोजन कर पाठ्य पुस्तके उपलब्ध करा लें। किताबों की आवश्यकता हो तो वे सीधे फर्म को अपनी मांग प्रेषित करें। इसके साथ ही जनपदों में कक्षा से 12 तक की लगभग 95 प्रतिशत पुस्तकें विद्यालयों को वितरित की जा चुकी है। जनपद हरिद्वार एव पौड़ी के द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय विद्यालयों के साथ अशासकीय विद्यालयों हेतु त्रुटिवश मांग प्रेषित किये जाने के कारण जनपदों को पाठ्य पुस्तकें अधिक प्राप्त होने के कारण किताबें अवशेष बची हैं। इस क्रम में मण्डलों को निर्देशित किया गया है पाठ्य पुस्तकों को जिन जनपदों से अतिरिक्त मांग की जा रही है , उन जनपदों से समन्वयन स्थापित कर अतिरिक्त किताबों को सम्बन्धित जनपदों से 01 सप्ताह के अन्तर्गत प्राप्त कर लें। जिन विद्यालयों के छात्र छात्राओं को अद्यतन निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें प्राप्त नहीं हुयी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि एक सप्ताह के अन्तर्गत समस्त अध्ययनरत छात्र छात्राओं को घर–घर वितरण सुनिश्चित करते हुए हुये पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दें। प्रायः माह सितम्बर तक छात्र छात्रायें विद्यालयों में प्रवेश लेते रहते हैं और यह एक सतत प्रक्रिया है, जिस कारण छात्र संख्या में परिवर्तन हो सकता है। ऐसे में अतिरिक्त पाठय पुस्तकों को मुद्रित कराये जाने की मांग प्राप्त हो सकती है।

# कार खाई में गिरी, युवक की मौत युवती जखमी

नगर संवाददाता

देहरादून। सोमवार सुबह मसूरी थाना क्षेत्र में एक कार के गहरी खाई में गिरने से वाहन सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वाहन सवार एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बचाव व राहत कार्य चलाया। घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भरती कराया गया है। पुलिस के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद नियंत्रण कक्ष, देहरादून द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि हाथीपांव मसूरी रोड में एक इनोवा वाहन खाई में गिर गया है। जिसमे 2 लोगों के



सवार होने की संभावना है। सूचना प्राप्त होते ही एसडीआरएफ पोस्ट सहस्त्रधारा से मुख्य आरक्षी रवि चौहान के नेतृत्व में टीम तत्काल घटनास्थल पर के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत ज्ञात हुआ कि उक्त वाहन में 2 लोग सवार थे। जिसमें एक युवक व एक युवती सवार थे, जो रात्रि में मसूरी घूमने के लिए आए थे। हाथीपांव मसूरी रोड के पास वाहन अनियंत्रित हो गया, जिससे वह लगभग 120 मीटर गहरी खाई में गिर गया। जिसमे युवती गंभीर रूप से घायल हो गई व युवक की मौके पर मृत्यु हो गई। एसडीआरएफ टीम द्वारा त्वरित रेस्क्यू कर हादसे में घायल युवती सिमरन उम्र 24 वर्ष निवासी लक्ष्मण पार्क कृष्णा नगर दिल्ली को खाई से रेस्क्यू कर घायल अवस्था में बाहर निकाला गया व उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। मृत युवक की पहचान रजत सचदेव पुत्र मनोज कुमार उम्र 24 वर्ष निवासी गांधी पार्क कृष्णा नगर दिल्ली के रूप में की गई है। एसडीआरएफ जवानों ने शव को गहरी खाई से निकालकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना व यूथ रेडक्रास कमेटी ने किया वृक्षारोपण

नगर संवाददाता

देहरादून। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में डीबीएस (पी जी) कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा यूथ रेडक्रास कमेटी द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में नीम, कचनार, आंवला, अशोक, चम्पा, गुलमोहर, अमलतास, तुलसी आदि के हर्बल तथा छायादार वृक्षों का पौधारोपण करके उन्हें ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित भी किया गया। साथ ही घरों की चहारदीवारी के अंदर लगाने हेतु पौधों का वितरण भी किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. वीसी पाण्डेय, यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. बिद्युत बोस ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण करके किया। छात्र –छात्राओं को संबोधित करते हुए यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण अंधाधुंध वन विनाश का परिणाम है। वृक्ष पृथ्वी पर प्रकृति का हरा सोना हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन का एक महत्वपूर्ण कारण वृक्षों का विकास के नाम पर अवैज्ञानिक तरीके से कटान है। प्राचार्य डा. वीसी पाण्डेय ने कहा कि संतुलित विकास के लिए




वनों का संरक्षण एवं संवर्धन बेहद जरूरी है। बाढ़, भूस्खलन आदि अनेक प्राकृतिक आपदाओं के लिए वृक्षों का लगाने व काटने के अनुपात का गड़बड़ाना ही ज्यादा जिम्मेदार है। संतुलित विकास के लिए देश के भूभाग का एक तिहाई क्षेत्र वनों से युक्त होना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा. बिद्युत बोस ने यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा को वृक्षारोपण हेतु यूथ रेडक्रास की तरफ से पौधे उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य सहित छात्र–छात्राओं का सहयोग हेतु धन्यवाद किया। इस अवसर पर डीबीएस कॉलेज की प्रोग्राम ऑफिसर डा. शिवानी पटनायक, डा. आराधना शर्मा, डा. अरविंद कुमार, डा. जे पी गुप्ता, डा. बिंदेश द्विवेदी, डा. दिलीप शर्मा, डा. अटल बिहारी वाजपेयी, राम सुभाग, स्वयंसेवी नवीन कुमार तथा कु. अमृता बिजल्वाण सहित अनेक छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय के को–ऑर्डिनेटर प्रोफेसर आरएस नेगी तथा डिस्ट्रिक्ट को–ऑर्डिनेटर डीआर रवि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना की।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए बेहद जरूरी हैं पौधे

देहरादून, नगर संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर देहरादून की लोअर नत्थनपुर विकास समिति एवं अभिव्यक्ति सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में "ओनली वन अर्थ" थीम के तहत पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखे। उत्कृष्ट पोस्टर्स और स्लोगन बनाने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

## देशबोध राष्ट्रीय समाचार पत्र ने किया वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक सोनी को सम्मानित




देहरादून, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। नगर निगम देहरादून के ऐतिहासिक जुगन्दर हॉल में देशबोध राष्ट्रीय समाचार पत्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व वृहद पौधारोपण व स्वच्छता तथा पौधे उपहार में देने, जन्मदिन पर पौधा लगवाने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर देशबोध राष्ट्रीय समाचार पत्र द्वारा विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के हाथों सम्मान पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा डॉ सोनी ने स्पीकर ऋतु खंडूरी को देववृक्ष रुद्राक्ष का पौधा उपहार में भेंट किया व कार्यक्रम में सम्मानित होने वालों को भी एक एक कागजी नीबू, पुलम, अमरूद के पौधे उपहार में दिया। बताते चलें वृक्षमित्र शिक्षक डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी मूलतः जनपद चमोली के विकासखंड देवाल ग्राम पूर्णा के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे राजकीय इंटर कालेज मरोड़ा (सकलाना) में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत हैं। पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व पौधारोपण के क्षेत्र में विगत तीस वर्षों से कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा शुरू किया पौध उपहार में देने व जन्मदिन पर पौधारोपण करने की परम्परा आज समाज मे दिखाई दे रही है। सम्मानित होने पर पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने देशबोध राष्ट्रीय समाचार पत्र का अभिवादन व्यक्त किया। उन्होंने कहा छात्रों के उत्तम भविष्य बनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व वृहद पौधारोपण तथा जन जन को जागरूक करने की जिम्मेदारी प्रकृति ने मुझे दी है। जब तक मेरा जीवन इस धरा में है इन्हें मैं निभाता रहूंगा। कार्यक्रम में आकाश रस्तोगी संपादक, पंकज जायसवाल समाचार संपादक, संजय सुमिताभ प्रशासक, ईजी अनुज सक्सेना डिजिटल एडिटर, बृजेश टम्टा, तरुण, मोहनराम, किरन एवं अन्य उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोटः– समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।